सर्वश्रेष्ठ संस्थान के लिए दो बार 'कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग' के अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता पुरस्कार से सम्मानित
शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा 'स्वच्छ कैम्पस रैंकिंग २०१९' मानांकन प्राप्त

यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक

(नॅक मानांकन 'अ' श्रेणी)

Website: ycmou.ac.in

मानविकी एवं समाजिक विज्ञान संकाय

एम. ए. हिंदी (M59)

स्नातकोत्तर उपाधि शिक्षाक्रम

(राष्ट्रीय शिक्षा नीति, २०२० के अनुसार)

द्वितीय वर्ष : शिक्षाक्रम विवरण पुस्तिका

शैक्षिक वर्ष : २०२५ -२०२६



विश्वविद्यालय गीत

एक प्रतिज्ञा असे आमुची ज्ञानाची साधना ।
चिरंतन ज्ञानाची साधना ।
ज्ञान हेच संजीवन साऱ्या जगताच्या जीवना ॥ धृ ॥

ज्योत जागवू सुजाणतेची सकलांच्या अंतरी ।
तीच निवारील पटल तमाचे प्रभात सूर्यापरी ।
ज्ञानच देउळ, ज्ञानच दैवत, प्रगतीच्या पूजना ।। १ ।।

नव्या युगाचा नव्या जगाचा ज्ञान धर्म आहे ।
त्यातच अमुच्या उजळ उद्याचे आश्वासन राहे ।
मुक्त करिल तो परंपरेच्या बंदिघरातुन मना ॥ २ ॥

हाच मंत्र नेईल आम्हाला दिव्य भविष्याकडे ।
न्यायनीतीचे पाऊल जिथे भेदाशी ना अडे ।
जे जे मंगल पावन त्याची जेथे आराधना ।। ३ ।।

कुसुमाग्रज

निर्मिती
प्रा. नागार्जुन वाडेकर
निदेशक, मानविकी एवं समाजिक विज्ञान संकाय,
यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक - ४२२ २२२

निर्मिति सहायक
डॉ. पन्नालाल धुर्वे
शैक्षणिक समन्वयक, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय
यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक - ४२२ २२२

© २०२५ यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक
प्रकाशन : जुलाई, २०२५
शब्द संयोजन : गुलाब घाटाळ, मानविकी एवं समाजिक विज्ञान संकाय
प्रकाशक : दिलीप भरड, कुलसचिव, यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक - ४२२ २२२

राष्ट्रीय शैक्षिक नीति, २०२० के अनुसार
हिंदी (M59) स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए.) द्वितीय वर्ष शिक्षाक्रम विवरण पुस्तिका

अनुक्रमणिका

१. मुक्त विश्वविद्यालय का परिचय

१.१ मुक्त विश्वविद्यालय के उद्देश्य

२. संकाय का परिचय

२.१ संकाय के उद्देश्य

२.२ संकाय की प्रमुख विशेषताएँ

३. अध्ययन पद्धति

३.१ क्रेडिट पद्धति

३.२ अध्ययन सामग्री

४. एम. ए. हिंदी शिक्षाक्रम

४.१ एम. ए हिंदी शिक्षाक्रम की संरचना

४.२ शिक्षाक्रम के उद्देश्य और अपेक्षित अधिगम परिणाम

५. पाठ्यक्रम संरचना

५.१ द्वितीय वर्ष एम. ए. पाठ्यक्रम (पंजीकरण के लिए योग्यता, अवधि, माध्यम, शुल्क विवरण)

६. मूल्यांकन प्रक्रिया

६.१ द्वितीय वर्ष एम. ए. पाठ्यक्रम मूल्यांकन पद्धति (आंतरिक, सत्रांत और शोध परियोजना)

६.२ ऑनलाइन गृहपाठ सादर करने के लिए निर्देश

७. Academic Bank of Credits ID संबंधी निर्देश

८. पंजीकरण प्रक्रिया

९. क्षेत्रीय केंद्र

१०. विशेष सूचनाएँ / संपर्क हेतू

११. परिशिष्ठ

परिशिष्ठ १ : उम्मीदवार / छात्र करार (हिंदी)

परिशिष्ठ २ : Candidate/Student Agreement at the time of Admission (English)

परिशिष्ठ ३ : गरीब छात्र सहाय्य योजना नियमावली

परिशिष्ठ ४ : University Grants Commission Resolution (2004)

परिशिष्ठ ५ : G.R. of Equivalenc and Approval

परिशिष्ठ ६ : G.R. of Equivalency for 10th and 12th

परिशिष्ठ ७ : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) मान्यता

परिशिष्ठ ८ : एक से अधिक शिक्षाक्रम में पंजीकरण की अनुमती

परिशिष्ठ ९ : छात्र सहायता और छात्र कल्याण योजना

१. मुक्त विश्वविद्यालय का परिचय

मुक्त विश्वविद्यालय' यह अवधारणा नई है, इसे दुनिया भर में व्यापक स्वीकृति मिली है। विभिन्न कारणों से अनेक लोगों को शिक्षा बीच में ही छोड़ना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक सुविधाओं की कमी के करण शिक्षा से वंचित और नौकरियों तथा व्यवसायों के कारण आगे की शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा होने के बावजूद शिक्षा पुरी नहीं कर पाते, ऐसे तमाम लोगों को उच्च शिक्षा के सुअवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मुक्त विश्वविद्यालय क्रियात्मक हो गए हैं। विश्व का पहला मुक्त विश्वविद्यालय इंग्लैंड में १९६५ को स्थापित किया गया। इसके बाद चीन, जापान, कनाडा, थाईलैंड, श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे अनेक देशों में मुक्त विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं और समाज के इच्छित लोगों को विभिन्न पाठ्यक्रमों के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। भारत में पहला मुक्त विश्वविद्यालय १९८२ को हैदराबाद (आंध्र प्रदेश)में स्थापित किया गया। १९८५ में, केंद्र सरकार ने दिल्ली में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना की। इसके बाद क्रमशः राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, असम, उत्तराखंड, ओडिशा, पंजाब और केरल आदि राज्यों में भी मुक्त विश्वविद्यालयों का कार्य प्रारंभ हो गया।

महाराष्ट्र में सामाजिक और शैक्षिक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से अनेक महान विचारकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले, क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले, राजर्षि शाहू महाराज, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, डॉ. पंजाबराव देशमुख, कर्मवीर भाऊराव पाटील, और स्वामी रामानंद तीर्थ आदि महान व्यक्तियों ने अमूल्य योगदान दिया है। उनकी कार्य को आगे बढ़ाते हुए, उच्च शिक्षा गाँवों तक पहुँचाने के लक्ष्य को साकार करने हेतु, महाराष्ट्र में अन्य विश्वविद्यालयों की तरह १ जुलाई १९८९ को महाराष्ट्र सरकार द्वारा विधिमंडल क्रमांक XX (१९८९) के तहत मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। यह विश्वविद्यालय आधुनिक महाराष्ट्र के जननायक यशवंतराव चव्हाण के नाम से स्थापित किया गया है।

यह भारत का पाँचवा और महाराष्ट्र का पहला मुक्त विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय का मुख्यालय नाशिक शहर में स्थित है। विश्वविद्यालय का कार्यक्षेत्र पूर्ण महाराष्ट्र में फैला हुआ है। ८ क्षेत्रीय केंद्र के माध्यम से पूरे महाराष्ट्र में २४०० से अधिक छात्र सहायता केंद्र जुड़े हुए हैं। यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम की धारा १२(बी) के तहत मान्यता दी गई है। महाराष्ट्र राज्य विधीमंडळ और यूजीसी ने विश्वविद्यालय को विभिन्न प्रमाणपत्र, पदविका कोर्स, स्नातक, स्नातकोत्तर शिक्षाक्रम और शोध (अनुसंधान) के लिए अनुमति दी है। यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय ने अनेक नामित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक संस्थाओं के साथ सहयोग किया है और सदस्य भी है। विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग का अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता पुरस्कार से दो बार सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने हाल ही में नॅक मानांकित 'अ' श्रेणी प्राप्त की है।

यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय देश के सभी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों के समकक्ष हैं। महाराष्ट्र सरकार एवं भारत सरकार के मान्यताप्राप्त सभी सरकारी, निजी संस्थानों, विविधमंडलों में नौकरी, नौकरी में बढ़ती प्राप्त करना और आगे की शिक्षा के हेतु इस विश्वविद्यालय का पाठ्यक्रम अन्य विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम से समकक्ष है। महाराष्ट्र राज्य लोकसेवा आयोग ने पहले ही यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय के छात्रों को महाराष्ट्र राज्य लोकसेवा आयोग की परीक्षा के लिए पात्र माना है। विश्वविद्यालय के अनेक छात्र राज्य लोकसेवा आयोग और केंद्रीय लोकसेवा आयोग की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुके हैं।

महाराष्ट्र राज्य एवं राष्ट्र के विकास में सुसंगत और समन्वित रूप से विभिन्न शिक्षाक्रम उपलब्ध कराने का मुक्त विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य रहा है। तकनीकी विज्ञान और उससे संबंधित जीवन पद्धतियों के बदलते संदर्भ में समाज को ज्ञानमय आधार पर शिक्षाक्रम विकसित करना मुक्त शिक्षा पद्धति का लक्ष्य रहा है। इसलिए,'जीवनभर शिक्षा','काम करते-करते शिक्षा','नौकरी और व्यवसाय में पूरक शिक्षा', तथा 'कौशल आधारित शिक्षा' की संकल्पना को प्रत्यक्ष रूप में साकार कर अध्ययनशील समाज के विकास में विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

"ज्ञानगंगा घर-घर" यह विश्वविद्यालय का ब्रीदवाक्य (Motto) है और यह 'लोग विश्वविद्यालय' बनने की दिशा में अग्रसर हो रह है। समाज के वंचित समूह/तबके और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों तक शिक्षा पहुँचाने कार्य विश्वविद्यालय कर रहा है। मुख्यालय, क्षेत्रीय केंद्र, जिला केंद्र और छात्र सहायता केंद्रों के माध्यम से विश्वविद्यालय विविध शिक्षाक्रम ग्रामीण,शहर और आदिवासी क्षेत्र तक पहुँचाने का कार्य कर रहा है। मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की नीति रही है। यशवंतराव चव्हाणजी के शैक्षिक तात्विकता के अनुसार,'लोगभाषा' को ज्ञानभाषा का दर्जा प्रदान करना विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है।

१.१ मुक्त विश्वविद्यालय के उद्देश्य

१. समाज के आर्थिक कमजोर लोगों तक 'ज्ञानगंगा' पहुँचाकर और शहर, ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्र के परिश्रमी, गृहिणी एवं विविध वयस्कों की आवश्यकताओं को पहचानकर स्नातक, स्नातकोत्तर शिक्षा, व्यावसायिक, तकनिकी व अन्य शिक्षा-प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान कर, समाज के विविध स्तर के लोगों की ज्ञानात्मक विषमता को दूर करना।

२. हर कोई जो सीखना चाहता है, उसे उम्र, अवधि और पात्रता नियमों की बाधाओं को दूरकर आसानी से शिक्षा प्राप्त करने के लिए लचीली और क्रियात्मक मुक्त शिक्षा प्रणाली का समावेश

३. पारंपरिक विश्वविद्यालय में शिक्षा पूरी न कर पाए छात्रों को प्राप्त शैक्षिक शिक्षा के आधार पर मुक्त विश्वविद्यालय में उपलब्ध शिक्षाक्रम(Credit Transfer System)में प्रवेश देकर शिक्षा के लिए आगे बढ़ावा देना।

४. अनौपचारिक और निरंतर शिक्षा के साथ-साथ शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न कला-कौशलों का विकास करना, गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना, बदलती प्रौद्योगिकियों के साथ तालमेल बिठाने के लिए वयस्कों को नई तकनीकों में प्रशिक्षित करना, कला-परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम विकसित करना, विशेष रूप से महाराष्ट्र और भारत की सामाजिक जागरूकता की सांस्कृतिक संचय और विरासत, और राष्ट्रीय एकता और व्यक्तित्व के विकास के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम विकसित करना।

५. केवल सरकारी अनुदान पर निर्भर न रहकर के अपनी प्रशासनिक खर्चों के संदर्भ में आत्मनिर्भरता पर जोर देकर निजी और सामाजिक संस्थानों के वित्तीय सहयोग प्राप्त करना और आधुनिक कंप्यूटर उपकरणों का प्रभावी उपयोग कर किफ़ायतीदर और गुणवत्ता पर आधारित कार्य प्रणाली विकसित करना।

२. संकाय का परिचय

मानविकी एवं समाजविज्ञान संकाय में मानवीय मूल्यों के साथ-साथ कला, भाषा, साहित्य, सृजनशीलता, तथा पारिवारिक संस्थान, राज्य और वित्तीय संस्थान आदि की संरचना, दर्शन, इतिहास और परंपराओं का अध्ययन किया जाता है। २१वीं सदी की वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए बौद्धिक तैयारी करना और अध्ययनशील समाज के लिए शैक्षिक संसाधनों का विकास करना इस संकाय का उद्देश्य है। व्यक्ति विकास पर जोर देना व्यक्ति का समग्र विकास के लिए सहायक भूमिका के रूप में संकाय अपना योगदान दे रहा है।

२.१ संकाय के उद्देश्य

मानविकी एवं समाजविज्ञान संकाय के उद्देश्य निम्नलिखित है:

१. छात्र केंद्रित पाठ्यक्रम विकसित करना।

२. मुक्त शिक्षा प्रणाली के अनुसार लचीली अध्ययन और अध्यापन पद्धतियों का अनुपालन करना।

३. समाज में शिक्षा से वंचित, उपेक्षित वर्गों तक शिक्षा पहुँचाना।

४. छात्रोंको मानविकी एवं समाजविज्ञान संकाय के ज्ञान क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना।

५. नवज्ञान आधारित समाज की रचना करना।

६. दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से जनसामान्य तक जाकर पहुंचकर लोगों के लिए लोग विश्वविद्यालय का निर्माण करना।

२.२ संकाय की प्रमुख विशेषताएँ

१. विश्व की विविध संस्कृति, राज्य एवं राष्ट्र की विकासात्मक परंपरा और इतिहास आदि के अध्ययन के लिए प्रमाणपत्र, पदविका (डिप्लोमा) ,स्नातक, स्नातकोत्तर, और पी.एचडी शिक्षाक्रमों का समावेश।

२. स्वतंत्रता, समता, बंधुता, मानवाधिकार आदि मूल्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण आंदोलन, मानव विकास सूचक, सतत विकास के उद्देश्य आदि वैश्विक कल्याणकारी संगठनों के कार्यों का समावेश।

३. महिलाओं का सशक्तिकरण,वंचितों की अस्मिता के लिए संघर्ष, भाषा, धर्म, एवं प्रदेशों की विविधता में एकता के लिए बनाए गए नमूनों का समावेश।
४. वैश्वीकरण और स्थानीय विकास की समायोजन कर विविधआशय का पाठ्यक्रम में समावेश।
५. ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान, जनसंचार व जनसंज्ञापन, गांधी विचारदर्शन, मानवधिकार, ग्राहक संरक्षण ऐसे विशेष विषय के अनुसार स्वतंत्र शिक्षाक्रम।
६. सिद्धांत और व्यवहार को जोड़ने वाले अनुप्रयुक्त पाठ्यक्रम।
७. व्यक्ति की सर्जनशीलता और कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करने वाले अपारंपरिक पाठ्यक्रम।
८. व्यक्तित्व विकास और व्यावसायिक सफलता के लिए पूरक कौशल को बढ़ावा देनेवाला पाठ्यक्रम।
९. स्वयं-अध्ययन हेतु नवीनता से परिपूर्ण शिक्षा।
१०. मूलभूत पाठ्यक्रम में विविध संकल्पनाओं का स्पष्टीकरण पर जोर दिया गया है।
११. स्व-अध्ययन पुस्तकें, स्व-अध्ययन, क्षेत्रिय कार्य, परियोजना अध्ययन, वेब के माध्यम से छात्रों को मार्गदर्शन और अकादमिक सहायता।
१२. प्रत्येक पाठ्यक्रम में छात्रों को उनकी रुचियों के अनुसार विषय चयन की सुविधा दी गई है।

३. अध्ययन पद्धति

जो छात्र हररोज़ महाविद्यालय जाकर शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकता अथवा अध्ययन के लिए पूरा समय वर्ग(क्लास रूम)में देना संभव नहीं है। ऐसे छात्रों के लिए मुक्त विश्वविद्यालय ने स्वतंत्र रूप से अध्ययन पद्धति विकसित की है। इसमें निम्न बिंदुओ का समावेश किया है :-

- स्वयं-अध्ययनाधारित पाठ्यपुस्तकें, विषय विद्वान् प्राध्यापकों का संपर्क सत्र
- अध्ययन काल के दौरान मूल्यांकन की सुविधा,आवश्यकतानुसार प्रायोगिक कार्य करने का अवसर

अध्ययन पद्धति में छात्रों को केवल पाठ्यक्रम का विवरण ही नहीं दिया जाता है, बल्कि अध्ययन सामग्री भी प्रदान की जाती है। यह अध्ययन सामग्री की सॉफ़्ट कॉपी विश्वविद्यालय की वेबसाइट ycmou.ac.in अथवा ycmou.digitaluniversity.ac.in पर सभी के लिए उपलब्ध हैं। छात्रों को इसका उपयोग करना है। यह स्व-अध्ययन पुस्तकें अन्यपुस्तकों से अलग रूप में लिखी जाती हैं। पुस्तकों का लेखन और संपादन विशेषज्ञ और अनुभवी विद्वानों द्वारा किया गया है।

छात्रों के पास यह अध्ययन सामग्री हमेशा के लिए उपलब्ध होती है और वे इसे स्वतंत्र रूप से अपने पास रख सकते हैं। पुस्तकें छोटी-छोटी इकाइयों में विभाजित की गई है, ताकि छात्र को एक ही बार पढ़कर समझ सके। साथ ही, आकृतियाँ, तालिकाएँ, आलेख, चित्र और उदाहरण के माध्यम से विषयों को सरल, सुबोध रूप में प्रस्तुत की गई है। छात्रों की अध्ययन प्रक्रिया को सुगम बनाने के उद्देश्य से इन पुस्तकों का निर्माण किया गया है। प्रत्येक पृष्ठ पर दोनों ओर पर्याप्त जगह छोड़ी गई है ताकि छात्र पढ़ते समय आनेवाले शंकायें/समस्याएँ रिक्त जगह पर लिख सकें। अध्ययन विषय का पुनरावलोकन करते समय ये टिप्पणियाँ उनके लिए सहायक हो सकती हैं।

पाठ्यांश के अंत में कुछ प्रश्न दिए जाते हैं। इकाई पढ़ने के बाद, छात्र इन प्रश्नों के उत्तर देकर स्वयं का मूल्यांकन कर सकते हैं कि उन्होंने उस भाग को कितना समझा है। इससे उन्हें विश्लेषण और मूल्यांकन करने का अवसर मिलता है। यदि उन्हें कुछ प्रश्नों के उत्तर नहीं मिलते हैं, तो उन्हें उस भाग को फिर से पढ़कर उत्तर खोजने का प्रयास करना चाहिए। इसके बाद भी यदि कुछ प्रश्नों के उत्तर नहीं मिलते हैं, तो वे इन प्रश्नों को दर्ज कर अपने छात्र सहायता केंद्र के संपर्क सत्र में मार्गदर्शक (काउंसलर/सलाहकार) से चर्चा करके उत्तर प्राप्त कर सकते हैं।
छात्र सहायता केंद्रों में प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए आमतौर पर छुट्टियों के दिन संपर्क कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इन संपर्क कार्यक्रमों में संबंधित विषयों के विशेषज्ञ (प्रोफेसर) मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। संपर्क कार्यक्रमों का मार्गदर्शन केवल व्याख्यानों के रूप में नहीं होता है। मार्गदर्शकों के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करना, कठिन विषयों पर आयोजित चर्चा में जुड़ना, संवाद में सहभागी होना और आंतरिक मूल्यांकन में अपनी प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करने हेतू छात्रों को संपर्क सत्र में उपस्थित रहने की आवश्यकता होती है, ताकि वे सभी अध्ययन सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करके अपनी स्व-अध्ययन

पद्धति को तैयार कर सकें। हमें अपने समय का ठीक से नियोजन करके अध्ययन करना चाहिए। अध्ययन केवल पाठों को पढ़ने का काम नहीं है, बल्कि उसकी वास्तविक समझ और सही समय पर उसका उपयोग करने की क्षमता है।

इसलिए, छात्रों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे प्रयोग /प्रदर्शन और सराव पर जोर दें, ताकि वे अध्ययन के सभी पहलुओं को समझ सकें और उन्हें सही तरीके से उपयोग कर सकें।

३.१ क्रेडिट पद्धति

मुक्त शिक्षा प्रणाली में अध्ययन घंटों को 'क्रेडिट' के रूप में मापा जाता है। लगभग ३०-३५ अध्ययन घंटों का अध्ययन एक क्रेडिट के बराबर माना जाता है। अध्ययनार्थी छात्रों को एक क्रेडिट का अध्ययन करने के लिए ३०-३५ घंटे लगते हैं। अध्ययन घंटों में स्वयं अध्ययन, पुस्तकें पढ़ना, नोट्स बनाना, ध्यान करना, पाठ्यक्रम के ऑडियो-विजुअल टेप देखना, इंटरनेट पर लिखित सामग्री पढ़ना, विषय विद्वान से मार्गदर्शन लेना, सहपाठियों के साथ चर्चा करना, प्रश्नों के उत्तर लिखना, और अन्य शैक्षिक प्रयास शामिल हैं। स्नातकोत्तर परीक्षा सफलतापूर्वक पास करने के लिए कुल ८८ क्रेडिट का पाठ्यक्रम पूरा करना अनिवार्य है।

३.२ अध्ययन सामग्री

मुक्त विश्वविद्यालय की शिक्षा पद्धति पारंपरिक विश्वविद्यालयों की शिक्षा पद्धतियों से भिन्न है। मुक्त विश्वविद्यालय की पद्धति छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धति है। इस शिक्षा पद्धति के अंतर्गत दूरस्थ शिक्षा प्रणाली अपनाई जाती है। इसके लिए निम्नलिखित माध्यमों का प्रयोग किया जाता है- मुद्रित अध्ययन सामग्री, दृश्य-श्रव्य सामग्री और चर्चा सत्र (Counselling)आदि।

- **मुद्रित अध्ययन सामग्री**

मुद्रित पाठ्यसामग्री : मुक्त शिक्षा पद्धति का प्रमुख आधार है। हालांकि कुछ दृश्य–श्रव्य माध्यम से चर्चा सत्र होंगा परंतू छात्रों को मुख्यत: मुद्रित पाठ्यसामग्री, गृहपाठ कार्य का उत्तर लिखने और सत्रांत परीक्षा की तैयारी के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई मुद्रित सामग्री स्वयं सीखने के लिए होती है। प्रत्येक पाठ्यक्रम की सामग्री प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा लिखी गई है। प्रत्येक पाठ्यक्रम ४ पुस्तक में और अनेक इकाईयों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक इकाई विभिन्न घटक और उप-घटकों में विभाजित है। प्रत्येक इकाई उद्देश्य से आरंभ होती है, जिससे छात्रों को इकाई पढ़ने के बाद क्या सीखना अपेक्षित है। प्रत्येक इकाई में उद्देश्य, प्रस्तावना, विषय-विवरण, शब्दार्थ एवं टिप्पणियाँ, स्वयं अध्ययन प्रश्नों के उत्तर, सारांश, स्वाध्याय, क्षेत्रीय कार्य और अतिरिक्त अध्ययन के लिए संदर्भ दिया जाता है जिससें अध्ययन करते समय रुचि निर्माण होगी।

- **दृश्य-श्रव्य सामग्री**

अनुपूरक अध्ययन सामग्री के रूप में विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों द्वारा दृश्य-श्रव्य वीडियो का निर्माण किया है। ये सभी वीडियो विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। कृपया उनका उपयोग करें।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, २०२० के अनुसार स्नातकोत्तर उपाधि शिक्षाक्रम की अध्ययन सामग्री देश के विशेषज्ञों के द्वारा विकसित की गई है। छात्र http://ycmou.digitaluniversity.ac और www.ycmou.ac.in पोर्टल पर .pdf प्रारूप में उपलब्ध पुस्तकों का अध्ययन कर करें।

४. एम. ए. हिंदी शिक्षाक्रम

छात्रों की विविध प्रकार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर और स्नातक शिक्षा पूरा करने वाले छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का अवसर प्राप्त कराने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने एम.ए. शिक्षाक्रम विकसित किए हैं। इस शिक्षाक्रम के माध्यम से रचनात्मक, आलोचनात्मक क्षमताओं साथ-साथ विविध कौशलों का विकास होगा। इस उद्देश्य से हिंदी विषय में स्नातकोत्तर शिक्षाक्रम शुरू किया गया है।

एम. ए. हिंदी शिक्षाक्रम में हिंदी साहित्य के विविध आयाम हैं,जैसे कि प्राचीन एवं मध्यकालीन साहित्य और आधुनिक साहित्य के गहन अध्ययन का अवसर मिलेगा। हिंदी में एम.ए. करने के बाद शिक्षा क्षेत्र अध्यापक, पत्रकारिता, अनुवादक, लेखक, बैंक में राजभाषा अधिकारी, सरकारी और गैर-सरकारी संस्थान में कनिष्ठ अनुवादक के रूप में नौकरी और अनुसंधान की सभावानाएँ आदि अनेक क्षेत्रों में करियर का सुअवसर उपलब्ध होगे। हिंदी साहित्य की अध्ययन करने से केवल भाषा की बारीकियों की समझ नहीं बढ़ेगी, बल्कि भारतीय संस्कृति, इतिहास और समाज का गहरा ज्ञान प्राप्त होगा।

एम.ए. हिंदी शिक्षाक्रम पूर्ण के बाद पी.एच.डी. और अन्य शोध कार्यों के लिए विविध रास्ते खुलते हैं, जिससे छात्र को शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्र में योगदान देने का मौका मिलेगा। लिखित और मौखिक कौशल में सुधार होगा। हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त होने के करण इसकी महत्व अपने-आप बढ़ जाती है। हिंदी भाषा का अंतरराष्ट्रीय स्तर भी महत्वपूर्ण स्थान है। उपरोक्त बातों को ध्यान में रखकर विश्वविद्यालय ने एम.ए. हिंदी स्नातकोत्तर शिक्षाक्रम शुरू किया है।

४.१ एम.ए.हिंदी शिक्षाक्रम की संरचना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के अनुसार, हिंदी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए.) हिंदी (M85) का शिक्षाक्रम ८८ क्रेडिट् का होता है। यह शिक्षाक्रम सत्र प्रणाली के आधार पर होगा, इसमें १९ अनिवार्य और ४ वैकल्पिक पाठ्यक्रम का समावेश किया गया हैं। इसके साथ शोध प्रविधि, क्षेत्रीय परियोजना, और शोध परियोजना जैसे पाठ्यक्रम भी शामिल हैं। पाठ्यक्रम क्रेडिट संरचना निम्नलिखित है। क्षेत्रीय परियोजना और शोध परियोजना कैसे करना है, इस संदर्भ में विश्वविद्यालय द्वारा मार्गदर्शन निर्देश उपलब्ध की जायेगी। प्रत्येक सत्र के अंत में अंतिम परीक्षा होगी।
हिंदी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए.) हिंदी (M85) का शिक्षाक्रम के प्रथम वर्ष में छात्र/छात्राओं को ४४ क्रेडिट्स का पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर छात्रों को (Exit Option) हिंदी विषय में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/पदविका प्रदान की जाएगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के अनुसार हिंदी (एम.ए.) (M85) स्नातकोत्तर उपाधि शिक्षाक्रम संरचना

वर्ष	सत्र	पाठ्यक्रम		क्रेडिट
		अनिवार्य	वैकल्पिक	
प्रथम	पहला	०५	०१	२२
	दूसरा	०५	०१	२२
द्वितीय	तीसरा	०५	०१	२२
	चौथा	०४	०१	२२
कुल		२३		८८

❖ शिक्षाक्रम के उद्देश्य और अपेक्षित अधिगम परिणाम (Programme Objectives and Learning Outcomes)

➢ शिक्षाक्रम के उद्देश्य (Programme Objectives)

१. हिंदी साहित्य की विविध कलाओं का प्रवृत्तिगत अध्ययन करना।
२. हिंदी साहित्य के वर्गीकरण के आधारपर अध्ययन करना।
३. साहित्य की विविध विधाओं को समझना और विश्लेषण करना।
४. लोकसाहित्य के क्षेत्र में शोध करना और इसके प्रमुख पहलुओं को समझना।
५. प्रमुख साहित्यकारों और उनके साहित्यिक ग्रंथों का अध्ययन करना।
६. संवाद कौशल और प्रस्तुति कौशल को विकसित करना।
७. आलोचनात्मक सोच को विकसित करना।

८. साहित्यिक कलाओं का विश्लेषण करना।
९. अनुसंधान योग्यता को विकसित करना।
१०. रोजगार के लिए आवश्यक क्षमताओं को विकसित करना।

- **अपेक्षित अधिगम परिणाम (Programme Learning Outcomes)**
  १. हिंदी साहित्य की विभिन्न कलाओं के प्रवृत्तिगत अध्ययन से विभिन्न साहित्यिक कलाओं को समझने और विश्लेषण करने की क्षमता विकसित होगी।
  २. हिंदी साहित्य के वर्गीकरण के आधार पर साहित्यिक युगों और धाराओं को समझने और उनकी पहचान करने में सक्षम होंगे।
  ३. साहित्य की विभिन्न विधाओं का स्वरूपात्मक ज्ञान प्राप्त करके छात्रों में साहित्यिक रूपों और उनकी विशेषताओं की पहचान करने की क्षमता विकसित होगी।
  ४. लोकसाहित्य के क्षेत्र में शोधकार्य करने के अध्ययन से छात्र शोध की मूलभूत विधियों से परिचित होंगे।
  ५. प्रमुख साहित्यकारों और उनके साहित्यिक ग्रंथों का अध्ययन करने से छात्रों में साहित्यिक समझ में वृद्धि होगी।
  ६. संवाद कौशल और प्रस्तुति कौशल को विकसित करने के लिए प्रशिक्षित होंगे।
  ७. आलोचनात्मक सोच को विकसित करने से छात्रों में साहित्यिक और गैर-साहित्यिक विषयों पर गहन विचार करने और उन्हें आलोचनात्मक दृष्टिकोण से समझने की क्षमता विकसित होगी।
  ८. छात्र साहित्यिक कलाओं की विभिन्न धाराओं, शैलियों, और कला-संगीत के संदर्भ में समझ विकसित करेंगे।
  ९. शोध के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ेगा, जिससे वे नवीन ज्ञान की खोज और उसमें योगदान कर सकेंगे।
  १०. छात्रों में विभिन्न पेशेवर कौशलों का विकास होगा, जो उन्हें रोजगार प्राप्त करने और उसमें सफलता प्राप्त करने में मदद होगी।

५. पाठयक्रम संरचना

५.१ द्वितीय वर्ष एम. ए. पाठ्यक्रम

५.१. प्रवेश पात्रता (Eligibility Criteria)

एम. ए. हिंदी शिक्षाक्रम के द्वितीय वर्ष में पंजीकरण लेने हेतू निम्नलिखित में से कोई भी एक योग्यता होनी आवश्यक है।
Eligibility criteria for enrolling into the Second Year of M.A. Hindi Degree Program.

- यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय में, राष्ट्रीय शैक्षिक नीति, २०२० के अनुसार एम. ए. हिंदी के पहले वर्ष में पंजीकरण लेने वाले सभी छात्र।
  All such students who had enrolled into the First Year of M.A. Hindi Degree under NEP, २०२० in Yashwantrao Chavan Maharashtra Open University.

- किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी विषय में एम.ए. का प्रथम वर्ष उत्तीर्ण करने वाले छात्र।
  Passed First Year of M.A. in Hindi under NEP, २०२० from any recognised University.

- राष्ट्रीय शैक्षिक नीति, २०२० के अनुसार हिंदी विषय में स्नातकोत्तर पदविका उत्तीर्ण छात्र।
  All such Students who had passed P.G. Diploma in Hindi as per NEP, २०२०.

५.१.२ अवधि

UGC Notification of Specification of Degrees, 2014 और UGC (ODL Programmes & OL Programmes) Regulations, 2020 अनुसार स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए.) शिक्षाक्रम दो वर्ष का होने के बावजूद, उसे चार वर्षों तक पूरा करने की अनुमति दी गई है।

दूरस्थ शिक्षा पद्धति में छात्र काम करते हुए शिक्षा प्राप्त करते हैं, इसलिए अध्ययन-अवधि के संबंध में लचीलेपन की नीति अपनाई गई है। यदि प्रवेश वर्ष में किसी कारणवंश अध्ययन पूरा नहीं कर पाया, ऐसे में उस वर्ष के अंत में होनेवाली परीक्षा देना अनिवार्य नहीं होता। छात्र अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा दे सकता है, वर्ष में दो बार परीक्षा देने का अवसर मिलता है। यहां तक कि अगर आप पहले या दूसरे वर्ष के सभी पाठ्यक्रमों में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, तो छात्रों को तीसरे वर्ष में प्रवेश करने का मौका मिलता है, लेकिन विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार, छात्र परीक्षा आवेदन (form) भर सकते हैं और परीक्षा दे सकते। मुद्रित अध्ययन सामग्री पुन: पंजीकरण अवधि के दौरान उपलब्ध नहीं होगी, लेकिन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर .pdf प्रारूप उपलब्ध होगी। छात्र इसकी सहायता से अध्ययन कर परीक्षा दे सकते हैं।

५.१.३ पढ़ाई का माध्यम

सभी पाठ्यक्रमों की पाठ्य-पुस्तकें, पाठ्यक्रम का मार्गदर्शन, गृहकार्य, कक्षा में पाठ्यक्रम का मूल्यांकन और अंतिम परीक्षा के प्रश्नपत्र हिंदी भाषा में ही उपलब्ध होंगे।

५.१.४ शुल्क विवरण

अ.क्र.	शुल्क विवरण	शुल्क
१.	शैक्षणिक शुल्क	३०४०.००
२.	छात्र सहायता केंद्र शुल्क	२०००.००
३.	परीक्षा शुल्क	१६००.००
४.	उपाधि प्रदान शुल्क	४५०.००
५.	पंजीकरण शुल्क	२००.००
६.	ई-सुविधा शुल्क	७०.००
७.	शिक्षाक्रम विवरण पुस्तिका शुल्क	५०.००
८.	छात्र कल्याण शुल्क	५०.००
९.	खेल शुल्क	५०.००
१०.	मा. राज्यपाल कार्यालय के उपक्रम	३८.००
११.	पुस्तकालय शुल्क	१०.००
१२.	संवादपत्रिका शुल्क	१०.००
१३.	छात्र बीमा शुल्क	२०.००
१४.	राष्ट्रीय सेवा योजना शुल्क	१०.००
१५.	आपदा प्रबंधन शुल्क	१०.००
१६.	पूर्व छात्र संघ शुल्क	१०.००
	कुल शुल्क (सात हजार छह सौ अठाहरा रुपये मात्र)	**७६१८.००**

❖ शिक्षाक्रम शुल्क के संबंध में सूचना

आवेदकों को प्रवेश लेनेवाले शिक्षाक्रम के प्रवेश शुल्क की जानकारी शिक्षाक्रम दर्शिका में उपलब्ध की गई है, विश्वविद्यालय और छात्र सहायता केंद्र के शुल्क इसमें समावेश हैं, इसलिए शुल्क एक साथ ही भरना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता है। शुल्क के भुगतान के लिए प्रवेश आवेदन के बाद दिए गए लिंक से ही ऑनलाइन पेमेंट गेटवे का उपयोग कर क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई या नेट बैंकिंग के माध्यम से शुल्क भुकतान करना है। दिए गए लिंक के अतिरिक्त किसी भी अन्य लिंक पर भरे गए शुल्क को स्वीकार नहीं होगा। इसलिए शुल्क सावधानीपूर्वक विश्वविद्यालय ने दी गई लिंक पर ही भरे।

५.१.५ द्वितीय वर्ष एम. ए. पाठ्यक्रम संरचना

❖ **तृतीय सत्र**

पाठ्यक्रम प्रकार	पाठ्यक्रम	पाठ्यक्रम कोड/संकेतांक	पाठ्यक्रम शीर्षक	क्रेडिट
अनिवार्य	मुख्य अनिवार्य - १	HIN 601	जनसंचार लेखन	४
	मुख्य अनिवार्य - २	HIN 602	काव्यशास्त्र	४
	मुख्य अनिवार्य - ३	HIN 603	हिंदी आलोचना	४
	मुख्य अनिवार्य - ४	HIN 604	लोकसाहित्य : सिद्धांत और व्यवहार	२
वैकल्पिक (इनमें से कोई एक)	वैकल्पिक – १	HIN 605	साहित्य और सिनेमा	४
	वैकल्पिक – २	HIN 606	हिंदी वेब साहित्य	
शोध परियोजना (RP)	मुख्य अनिवार्य	HIN 600	शोध परियोजना	४
कुल क्रेडिट				**२२**

❖ **चतुर्थ सत्र**

पाठ्यक्रम प्रकार	पाठ्यक्रम	पाठ्यक्रम कोड/संकेतांक	पाठ्यक्रम शीर्षक	क्रेडिट
अनिवार्य	मुख्य अनिवार्य - १	HIN 607	प्राचीन और मध्यकालीन काव्य	४
	मुख्य अनिवार्य - २	HIN 608	हिंदी भाषा शिक्षण	४
	मुख्य अनिवार्य - ३	HIN 609	हिंदी भाषा का विकास	४
वैकल्पिक	वैकल्पिक – १	HIN 610	हिंदी पत्रकारिता	४
शोध परियोजना (RP)	मुख्य अनिवार्य	HIN 699	शोध परियोजना	6
कुल क्रेडिट				**२२**

❖ द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रम और स्वयं-अध्ययन सामग्री की सूची

❖ तृतीय सत्र

मुख्य अनिवार्य

१५. जनसंचार लेखन (HIN601) (क्रेडिट ४)

पुस्तक १. मुद्रित - माध्यमों के लिए लेखन
पुस्तक २. दृकश्राव्य माध्यमों के लिए लेखन
पुस्तक ३. टेलीविजन : प्रसारण तकनीक तथा शिक्षाक्रम निर्माण
पुस्तक ४. सोशल मिडिया के लिए लेखन

१६. काव्यशास्त्र (HIN602) (क्रेडिट ४)

पुस्तक १. भारतीय काव्यशास्त्र
पुस्तक २. भारतीय काव्यशास्त्र के सिद्धांत
पुस्तक ३. पाश्चात्य काव्यशास्त्र
पुस्तक ४. पाश्चात्य काव्यशास्त्र के सिद्धांत

१७. हिंदी आलोचना (HIN603) (क्रेडिट ४)

पुस्तक १. हिंदी आलोचना - स्वरूप एवं विकास

पुस्तक २. हिंदी आलोचना- विविध वाद

पुस्तक ३. हिंदी आलोचना पर पाश्चात्य प्रभाव

पुस्तक ४. हिंदी के प्रमुख आलोचक

१८. लोकसाहित्य : सिद्धांत और व्यवहार (HIN604) (क्रेडिट २)

पुस्तक १. लोकसाहित्य : सैद्धांतिक विवेचन

पुस्तक २. लोकसाहित्य : व्यावहारिक पक्ष

वैकल्पिक (१९ और २० इनमें से कोई एक)

१९. साहित्य और सिनेमा (HIN605) (क्रेडिट ४)

पुस्तक १. सिनेमा परिचय

पुस्तक २. सिनेमा : पटकथा से परदे तक

पुस्तक ३. साहित्य और सिनेमा

पुस्तक ४. समाज और सिनेमा

अथवा

२०. हिंदी वेब साहित्य (HIN606) (क्रेडिट ४)

पुस्तक १. कंप्युटर (संगणक) प्रणाली -उद्भव और विकास

पुस्तक २. हिंदी वेब – उद्भव और विकास

पुस्तक ३. हिंदी वेब साहित्य

पुस्तक ४. भाषा प्रौद्योगिकी-विकास एवं प्रयोग

अनिवार्य

२१. शोध परियोजना (HIN600) (क्रेडिट ४)

शोध परियोजना से संबंधित मार्गदर्शिका, नमूना विषय सूची और शोध परियोजना का ढाँचा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

❖ चतुर्थ सत्र

मुख्य अनिवार्य

२२. प्राचीन और मध्ययुगीन (HIN607) (क्रेडिट ४)

पुस्तक १. आदिकालीन काव्य

पुस्तक २. भक्तिकालीन निर्गुण काव्य

पुस्तक ३. भक्तिकालीन सगुण काव्य

पुस्तक ४. रीतिकालीन काव्य

२३. हिंदी भाषा शिक्षण (HIN608) (क्रेडिट ४)

पुस्तक १. भाषा शिक्षण की भूमिका

पुस्तक २. भाषाई कौशल

पुस्तक ३. भाषा शिक्षण की विधियाँ

पुस्तक ४. हिंदी शिक्षण

२४. हिंदी भाषा का विकास (HIN609) (क्रेडिट ४)

पुस्तक १. हिंदी भाषा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि
पुस्तक २. हिंदी की उपभाषाएँ और बोलियाँ
पुस्तक ३. हिंदी भाषा की संरचना
पुस्तक ४. हिंदी भाषा और देवनागरी लिपि

वैकल्पिक

२५. हिंदी पत्रकारिता (HIN610) (क्रेडिट ४)

पुस्तक १. पत्रकारिता का स्वरूप – विवेचन
पुस्तक २. हिंदी पत्रकारिता : उद्भव और विकास
पुस्तक ३. पत्रकारिता : संपादन कला और प्रबंधन
पुस्तक ४. हिंदी पत्रकारिता के विविध आयाम

अनिवार्य

२७. शोध परियोजना (HIN600) (क्रेडिट ६)

शोध परियोजना से संबंधित मार्गदर्शिका, नमूना विषय सूची और शोध परियोजना का ढाँचा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

६. मूल्यांकन पद्धति

छात्रों का मूल्यांकन दो स्तरों पर किया जाएगा : सत्रांत परीक्षा (लिखित परीक्षा) और आंतरिक मूल्यांकन (गृहकार्य) पाठ्यक्रम के अंक वितरण का अनुपात क्रमशः ७०:३० होगा। प्रथम वर्ष में क्षेत्रीय परियोजना और द्वितीय वर्ष में शोध परियोजना का मूल्यांकन आंतरिक मूल्यांकन और अंतिम मूल्यांकन (मौखिक परीक्षा) के दो स्तरों पर किया जाएगा। इन पाठ्यक्रमों के अंक वितरण का अनुपात क्रमशः ५०:५० होगा।

६.१ मूल्यांकन पद्धति

६.१.१ आंतरिक मूल्यांकन पद्धति

आंतरिक मूल्यांकन में प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए गृहकार्य दिया जाएगा। गृहकार्य के प्रश्न विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ycmou.ac.in या http://ycmou.digitaluniversity.ac पर उपलब्ध की जाएँगी। छात्र गृहकार्य के प्रश्न छात्र सहायता केंद्र की सहायता से या स्वयं डाउनलोड कर सकते हैं।

गृहकार्य के उत्तर लिखने के लिए विश्वविद्यालय ने पोर्टल पर बारकोड पृष्ठें/पन्नें उपलब्ध कराई हैं। इन पृष्ठों/पन्नों का प्रिंट निकालकर, उन पर हस्तलिखित में गृहकार्य के उत्तर लिखें। फिर उन्हें स्कैन करके .pdf फाइल के रूप में पोर्टल पर अपलोड करें। **गृहकार्य अपलोड करने के संबंध में विस्तृत निर्देश ६.३ में दिए गए हैं, उनका पालन करते हुए गृहकार्य प्रस्तुत करें।**

चार क्रेडिट वाले पाठ्यक्रम के गृहकार्य के लिए ३० में से प्राप्त अंक और दो क्रेडिट वाले पाठ्यक्रम के गृहकार्य के लिए १५ में से प्राप्त अंक अंकपत्र(गुणपत्रिका)में स्वतंत्र रूप से [Continuous Assessment(CA)] दर्शाए जाएंगे। प्रत्येक पाठ्यक्रम के आंतरिक मूल्यांकन के लिए 30% अंकों का भार (Weightage)होगा। उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम के आंतरिक मूल्यांकन में न्यूनतम 40% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

आंतरिक मूल्यांकन का प्रारूप

४ क्रेडिट के लिए ३० अंक		२ क्रेडिट के लिए १५ अंक	
प्रश्न का प्रारूप और प्रश्न संख्या	**अंक**	**प्रश्न संख्या**	**अंक**
दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – १	१० अंक	दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – १	१० अंक
लघु उत्तरीय प्रश्न – २ (५ अंकों के लिए)	१० अंक	लघु उत्तरीय प्रश्न – १	५ अंक
वस्तुनिष्ठ प्रश्न – १० (१ अंकों के लिए)	१० अंक	-	-
कुल अंक	**३० अंक**		**१५ अंक**

६.१.२ अंतिम मूल्यांकन (सत्रांत मूल्यांकन)

सत्रांत परीक्षा मूल्यांकन पद्धति का अभिन्न अंग है। प्रत्येक सत्र के अंत में सत्रांत परीक्षा (लिखित परीक्षा) होगी। चार क्रेडिट के पाठ्यक्रम में ७० में से और दो क्रेडिट के पाठ्यक्रम में ३५ में से प्राप्त अंक, अंकतालिका (गुणपत्रिका) में स्वतंत्र रूप से [University Assessment (UA)] दर्शाए जाएंगे। प्रत्येक पाठ्यक्रम में अंतिम मूल्यांकन के लिए ७०% अंकों का भार (Weightage) होगा। उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम ४०% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

अंतिम मूल्यांकन का प्रारूप

७० अंकों के लिए प्रश्नांकरण या गुणांकरण					
प्र क्र.	**प्रश्न का प्रारूप**	**प्रश्न संख्या**	**विकल्प**	**अंक**	**कुल अंक**
१.	दीर्घ उत्तरीय प्रश्न	३ प्रश्न	१ विकल्प	प्रत्येक का १० अंक	३० अंक
२.	लघु उत्तरीय प्रश्न	५ प्रश्न	१ विकल्प	प्रत्येक का ५ अंक	२५ अंक
३.	अतिलघु उत्तरीय प्रश्न	५ प्रश्न	१ विकल्प	प्रत्येक का ३ अंक	१५ अंक
	कुल अंक				**७० अंक**

३५ अंकों के लिए प्रश्नांकरण या गुणांकरण					
प्र क्र.	**प्रश्न का प्रारूप**	**प्रश्न संख्या**	**विकल्प**	**अंक**	**कुल अंक**
१.	दीर्घ उत्तरीय प्रश्न	१ प्रश्न	१ विकल्प	प्रत्येक का १० अंक	१० अंक
२.	लघु उत्तरीय प्रश्न	२ प्रश्न	१ विकल्प	प्रत्येक का ५ अंक	१० अंक
३.	अतिलघु उत्तरीय प्रश्न	५ प्रश्न	१ विकल्प	प्रत्येक का ३ अंक	१५ अंक
	कुल अंक				**३५ अंक**

६.१.३ शोध परियोजना मूल्यांकन पद्धति

द्वितीय वर्ष के तीसरे सत्र में 'शोध परियोजना' पाठ्यक्रम (HIN600) चार क्रेडिट का है। 'शोध परियोजना' का पाठ्यक्रम १०० अंकों में विभाजित है। जिसमें आंतरिक मूल्यांकन (रिपोर्ट प्रस्तुति) और अंतिम परीक्षा (मौखिक परीक्षा) का भार ५०:५० अंक का होगा। **'शोध परियोजना' को निर्धारित समय में छात्र सहायता केंद्र पर प्रस्तुत करना है। यह विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं करना है।**

आंतरिक मूल्यांकन (Continuous Assessment) में ५०%और अंतिम मूल्यांकन (University Assessment) में ५०% प्राप्त अंक विद्यार्थ्यों की गुणपत्रिकाओं में स्वतंत्र रूप से दर्शाए जाएंगे। उत्तीर्ण होने के लिए आंतरिक मूल्यांकन और अंतिम मूल्यांकन

में प्रत्येक में कम से कम ४०% अंक प्राप्त करना आवश्यक है। 'क्षेत्रीय परियोजना ' से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट _www.ycmou.ac.in अथवा http://ycmou.digitaluniversity.ac पर देखे।

शोध परियोजना मूल्यांकन का प्रारूप (सत्र तीसरा)

क्रेडिट	आंतरिक मूल्यांकन (प्रतिवेदन/परियोजना की प्रस्तुति)		अंतिम मूल्यांकन (मौखिक परीक्षा)		कुल अंक	
	अधिकतम अंक	न्यूनतम अंक	अधिकतम अंक	न्यूनतम अंक	अधिकतम अंक	न्यूनतम अंक
४	५०	२०	५०	२०	१००	४०

द्वितीय वर्ष के चौथे सत्र में 'शोध परियोजना' पाठ्यक्रम (HIN699) छह क्रेडिट का है। 'शोध परियोजना' का पाठ्यक्रम १५० अंकों में विभाजित है। जिसमें आंतरिक मूल्यांकन (रिपोर्ट प्रस्तुति) और अंतिम परीक्षा (मौखिक परीक्षा) का भार ५० :५० अंक का होगा। **'शोध परियोजना' को निर्धारित समय में छात्र सहायता केंद्र पर प्रस्तुत करना है। यह विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं करना है।**

आंतरिक मूल्यांकन (Continuous Assessment) में ७५% और अंतिम मूल्यांकन (University Assessment) में ७५%प्राप्त अंक विद्यार्थ्यों की गुणपत्रिकाओं में स्वतंत्र रूप से दर्शाए जाएंगे। उत्तीर्ण होने के लिए आंतरिक मूल्यांकन और अंतिम मूल्यांकन में प्रत्येक में कम से कम ४०% अंक प्राप्त करना आवश्यक है। 'क्षेत्रीय परियोजना ' से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ycmou.ac.in या http://ycmou.digitaluniversity.ac पर देखे।

शोध परियोजना मूल्यांकन का प्रारूप (सत्र चौथा)

क्रेडिट	आंतरिक मूल्यांकन (प्रतिवेदन/परियोजना की प्रस्तुति)		अंतिम मूल्यमापन (मौखिक परीक्षा)		एकूण गुण	
	अधिकतम अंक	न्यूनतम अंक	अधिकतम अंक	न्यूनतम अंक	अधिकतम अंक	न्यूनतम अंक
६	७५	३०	७५	३०	१५०	६०

६.२ आंतरिक मूल्यांकन के गृहकार्य को ऑनलाइन अपलोड करने के संबंध में निर्देश

(Online Submission of Home Assignment)

❖ **छात्रों के लिए निर्देश**

आंतरिक मूल्यांकन के लिए छात्रों को हस्तलिखित गृहकार्य (Home Assignment) विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। गृहकार्य अपलोड करते समय निम्नलिखित निर्देश का पालन करें।

१. यदि छात्र ने ABC ID नहीं बनाया है, तो https://asm.ycmou.org.in/ इस पोर्टल से पहले ABC ID बनाएं। इसी पोर्टल पर अपने 16 अंकों के स्थायी पंजीकरण संख्या (PRN) का उपयोग कर अपनी पंजीकरण करें। साथ ही, यहाँ पर उपलब्ध Student User Guide को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

२. पोर्टल पर सफलतापूर्वक पंजीकरण (लॉगिन) करने के बाद छात्रों को संबंधित पाठ्यक्रमों की पूरी जानकारी दिखाई देगी। इस पेज पर गृहकार्य लिखने के लिए बारकोड पृष्ठ/पन्ने दिए गए हैं। आवश्यकता अनुसार इन पृष्ठों/पन्नों का प्रिंट निकालकार उनपर हस्तलिखित में गृहकार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

३. दस अंकों के गृहकार्य प्रश्नों के उत्तर कम से कम १०० से १२० शब्दों में लिखें, और पाँच अंकों के प्रश्नों के उत्तर कम से कम ५० से ६० शब्दों में लिखें। सभी प्रश्नों का उत्तर स्पष्ट होना चाहिए। गृहकार्य के प्रश्न क्रमवार हल करें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अलग पृष्ठ पर लिखना अपेक्षित है। यदि किसी प्रश्न का उत्तर एक पृष्ठ में पूरा नहीं होता है, तो अंत में P.T.O. लिखें, और अगले पृष्ठ पर प्रश्न क्रमांक लिखकर आगे का उत्तर लिखें (उदा. Q-1 Continued...)

४. प्रत्येक पाठ्यक्रम का गृहकार्य लिखने के बाद, पृष्ठों को क्रम से रखकर उसकी .pdf फाइल तैयार करें। आपकी .pdf फाइल स्पष्ट रूप से स्कैन और योग्य पठनीय होनी चाहिए। स्कैन करते समय इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी पृष्ठ ओवरलैप, तिरछा, मुड़ा हुआ न हो। प्रत्येक पृष्ठ का आकार कम से कम 3 MB का होना चाहिए और सभी पृष्ठ को मिलाकर फाइल का आकार 20 MB से अधिक न हो।

५. अपना गृहकार्य अपलोड करने के लिए https://asm.ycmou.org.inपोर्टल पर जाएँ। अपलोड किए गए गृहकार्य की प्रारंभिक जांच छात्र सहायता केंद्र के माध्यम से की जाएगी। प्रारंभिक जाँच के बाद अनुमोदित/पात्र (Approved) गृहकार्य के अंक छात्र सहायता केंद्र के संमंत्रक द्वारा दिए जाएंगे।

६. यदि अपलोड किए गए पृष्ठ पढ़ने योग्य नहीं हैं, विषय के अनुसार अपलोड नहीं किए गए हैं, स्कैन किए गए पृष्ठ टेढ़े, तिरछे या धुंधले हैं, रिक्त पृष्ठ स्कैन किए गए हैं तो गृहकार्य का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। ऐसे गृहकार्य को अस्वीकार किया जाएगा, इसका ध्यान रहे। छात्र अपनी प्रोफ़ाइल (व्यक्तिगत जानकारी) में गृहकार्य अस्वीकृति के बारे में जानकारी देख सकते हैं।

७. पोर्टल पर पंजीकरण, गृहकार्य अपलोड करने से लेकर गृहकार्य की जाँच (स्वीकृत या अस्वीकृत (Reject)तक की सभी जानकारी आपके प्रोफ़ाइल पर और ईमेल पर उपलब्ध होगी। इसलिए, छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने प्रोफ़ाइल और ईमेल नियमित रूप से जाँच करें और समय-समय पर छात्र सहायता केंद्र से संपर्क करते रहें।

८. पंजीकरण, प्रस्तुतिकरण और पुनः प्रस्तुतिकरण (सबमिशन, रि-सबमिशन)प्रक्रियाएँ सभी के एक विशिष्ट समय के भीतर पुरा करना है। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय के बाद गृहकार्य अपलोड नहीं की जाएगी। छात्रों ने निर्धारित समय में अपना गृहकार्य अपलोड करना अनिवार्य है।

९. किसी करणवंश गृहकार्य अस्वीकृत कर दि गई है, तो उसे छात्र लॉगिन में दोबारा अपलोड (फिर से जमा) करने के लिए उपलब्ध होगा। पुनः प्रस्तुतिकरण (रि-सबमिशन) को भी निर्धारित समय के भीतर पूरा करना आवश्यक है। निर्धारित समय समाप्त होने पर गृहकार्य अपलोड नहीं किया जा सकता। छात्र इस बारे में लापरवाही करते हैं, तो उन्हें उनकी अंकपत्रिका(गुणपत्रिका)के आंतरिक अंक (CA) अनुभाग में अनुपस्थित (Absent) (Ab) के रूप में दर्शाया जाएगा।

१०. **अंत्यंत महत्वपूर्ण सूचना** : गृहकार्य लिखने के लिए अपने खुद के लॉगिन में उपलब्ध पृष्ठों/पन्नों का उपयोग करें। आपके लॉगिन कें पृष्ठों/पन्नों पर आपका बारकोड होने के कारण, किसी अन्य व्यक्ति के लॉगिन में अन्य पृष्ठों/पन्नों का उपयोग न करे,ऐसे गृहकार्य अस्वीकार (Reject) होगा।

❖ **छात्र सहायता केंद्र के लिए निर्देश**

१. छात्र सहायता केंद्रों को https://asm.ycmou.org.in पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करना चाहिए। इसके बाद, लॉगिन करें और पहले उनके केंद्र के परामर्शदाता/शिक्षक/सलाहगार/समंत्रकों की जानकारी दर्ज करें। छात्र सहायता केंद्र लॉगिन से इस बात की जानकारी मिलेंगी कि कितने छात्रों ने गृहकार्य जमा/प्रस्तुत किया है। उसके अनुसार, छात्रों से गृहकार्य अपलोड करने के बारे में निर्देश और सहायता प्रदान करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी छात्रों से गृहपाठ अपलोड करवाएँ ।

२. छात्र सहायता केंद्र को आपके लॉगिन में प्राप्त गृहकार्य की प्रारंभिक जांच तुरंत करें और उचित गृहकार्य का संबंधित विषयों के समंत्रकों से परीक्षण करवा है। ठीक से अपलोड नहीं किए गए गृहकार्य को अस्वीकार करें, और इसे जल्द से जल्द दोबारा अपलोड करने के लिए संबंधित छात्रों को सूचना देकर अपलोड करने में सहायता करें। छात्र सहायता केंद्र का यह दायित्व है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय के भीतर जाँच प्रक्रिया को पूरा करें।

❖ छात्रों और छात्र सहायता केंद्रों को किसी भी तकनीकी समस्या आने पर या अधिक जानकारी हेतू 8055253072 पर कॉल करें या oasishelpdesk22@gmail.com पर ईमेल कर आप संपर्क कर सकतें है।

७. Academic Bank of Credits-ID बनाने के बारे में सूचना/निर्देश

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, के अनुसार आपका Academic Bank of Credits-ID बनाना अनिवार्य है। आपको प्राप्त प्रमाणपत्र, पदविका/ डिप्लोमा, पदवी/ स्नातक उपाधि की जानकारी DigiLocker (ABC-NAD) पर भरनी होगी। इसके बिना अन्य पाठ्यक्रमों का क्रेडिट हस्तांतरण (Credit Transfer) नहीं किया जाएगा। छात्र को https://www.abc.gov.in इस पोर्टल पर Academic Bank of Credits-ID पंजीकरण करना होगा या विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ycmou.ac.in पर जाकर Student Zone लिंक पर क्लिक करें। सूची में Academic Bank of Credits पर क्लिक कर Academic Bank of Credit-ID बनाने के संबंध में प्रस्तुति देखें और उसके अनुसार अपना ABC ID बनाएं।

८. पंजीकरण प्रक्रिया

१. विश्वविद्यालय की नीति के अनुसार, पंजीकरण प्रक्रियाँ ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी। सबसे पहले, छात्रों को https://ycmou.digitaluniversity.ac विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाना होगा।

२. विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://ycmou.digitaluniversity.ac पर Admission टैब पर जाकर Prospectus (शिक्षाक्रम दर्शिका) २०२४-२५ लिंक पर क्लिक करें। विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों की सूचना पुस्तिकाएं यहां उपलब्ध हैं। जिस शैक्षिक शिक्षाक्रम में आप पंजीकरण लेना चाहते हैं, उसकी सूचना पुस्तिका डाउनलोड करें। पंजीकरण से संबंधित (जैसे पात्रता, शुल्क, विषय-पाठयक्रम आदि) जानकारी पढ़ें और आवश्यक पृष्ठों/पन्नों की प्रिंट निकालें।

३. विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ऑनलाइन पंजीकरण करते समय, शैक्षिक कार्यक्रमों के अनुसार छात्र सहायता केंद्रों की सूची उपलब्ध होगी। सूची में से अपने पसंदीदा छात्र सहायता केंद्र का चयन करें और उसका पता तथा केंद्र कोड लिखकर अपने पास रखें।

४. शिक्षाक्रम दर्शिका में दी गई जानकारी के अनुसार, पंजीकरण पात्रता के लिए आवश्यक दस्तावेज जिसमें गुणपत्रिका फोटो और हस्ताक्षर या अन्य दस्तवेज JPG/JPEG/PNG फॉर्मेट में स्कैन करें। हर एक फाइल का आकार 10MB से अधिक न हों।

५. ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरने से पहले, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर Presentations> User Guide Presentation > Students टैब में दिए गए Online Admission की जानकारी देखें।

६. नए प्रवेशार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण करने से पहले, विश्वविद्यालय की Online Admission लिंक पर जाकर अपना सक्रिय ईमेल और मोबाइल नंबर दर्ज कर USER ID और पासवर्ड बनाना आवश्यक है। आपका USER ID और One Time Password (OTP) दर्ज किए गए मोबाइल नंबर और ईमेल पर प्राप्त होगा। इसके द्वारा नया पासवर्ड बनाएं और फिर लॉगिन कर पंजीकरण फॉर्म भरें।

७. विश्वविद्यालय के पुराने छात्रों को लॉगिन करने के लिए अपना स्थायी पंजीकरण नंबर (PRN) और पिछले साल का पासवर्ड उपयोग करना हैं। पासवर्ड याद नहीं होने पर Forgot Password' लिंक का उपयोग कर आवश्यक जानकारी भरकर आगे की ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया पूरा करना है।

८. ऑनलाइन पंजीकरण करते समय पूछा गई सभी जानकारी सावधानीपूर्वक भरें। पंजीकरण पात्रता के लिए आवश्यक दस्तावेज, फोटो, हस्ताक्षर आदि स्कैन करके अपलोड करें। अधूरी, अपूर्ण, गलत, या अस्पष्ट (ब्लर) दस्तावेज अपलोड न करें।

९. जिस शैक्षिक शिक्षाक्रम में आप पंजीकरण ले रहे हैं, उसका पंजीकरण शुल्क शिक्षाक्रम दर्शिका में दिए गए अनुसार भुगतान/भरना अनिवार्य है। ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म में दी गई लिंक से ऑनलाइन पेमेंट गेटवे का उपयोग करके क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग/यूपीआई के माध्यम से पंजीकरण शुल्क भरें। पंजीकरण फॉर्म में दी गई लिंक के अलावा किसी अन्य लिंक पर शुल्क भुकतान न करें।

१०. पंजीकरण की पुष्टि और अन्य जानकारी संबंधी ईमेल/एसएमएस संदेश आपके ईमेल आई डी और मोबाइल पर भेजा जाएगा। प्राप्त संदेश सँभलकर रखें।

